NEWSLETTER

# KIZUNA

THE RELATIONSHIP

NGK SPARK PLUGS | NTK TECHNICAL CERAMICS

NGK SPARK PLUGS (INDIA) PVT. LTD.

VOL - Q-4/2020-21

## FROM THE DESK OF SR. VP - SALES & MARKETING



We all are experiencing a very unprecedented challenging situations as COVID-19 changed almost everyone's lifestyle. We witnessed lockdowns, faltering economies & businesses, jobs cut-down, virtual offices & schools and new norms social distancing, wearing masks and regularly sanitizing the hands.

Despite of all the adverse situations we were able to achieve our last year sales target. I am thankful to our dedicated employees, customers and channel partners; this is all possible because of your sincere efforts and hard work.

This financial year has already started on a promising note with overwhelming response from our channel partners and we look forward to expand our product basket and achieve all our sales targets for this year.

I believe NGK India team always looks a step ahead and try to introduce products that fulfills the existing and future requirements of Indian customers. With same philosophy NGK India was first company to introduce "BS-6 Ready" Spark Plugs in Indian aftermarket which are compatible with BS-6 fuels, new 2-Wheeler fuel injection systems and 2W oxygen sensors as well. With the addition of Glow Plugs and Ignition Coils, we have enhanced our product offerings for the aftermarket. NGK India is continuously working to add more & more suitable products so that we have an adequate "basket of products". As a company, we're confident that our new and upgraded products will help in improving the environment and will also be beneficial in increasing the profitability of your business.

I therefore, seek continued patronage of our valued channel partners, cooperation of our employees and thank our well-wishers who have contributed to the growth of the organization.

***Wish you all a very happy selling!!***

Thank you!

Sudipto Sanyal

## IRASHIMASE (WELCOME)



Mr. Mamoru Musasa has joined NGK Spark Plugs (India) Pvt Ltd as "Managing Director" with effect from 13th March 2021. Mr. Musasa has joined NGK- Japan in 1989 and has given contributions to various departments. NGK India family warmly welcomes Mr. Musasa and look forward to a great working experience with him.



Mr. Akihiko Yamauchi has joined NGK Spark Plugs (India) Pvt Ltd as "Vice President - Sales & Marketing" with effect from 30th March 2021. Mr. Yamauchi has joined NGK- Japan in 1994 and has given contributions to various departments. NGK India family warmly welcomes Mr. Yamauchi and look forward to a great working experience with him.

## SAYONARA (GOODBYE)



Mr. Keisuke Makino joined NGK India in February 2018 as Managing Director. Mr. Makino had played a vital role in growth of NGK India during his tenure. NGK India will always remain grateful to Mr. Makino for his valuable contribution. His tenure with NGK India ended in March 2021 and he went to rejoin NGK Japan.



Mr. Hirofumi Masuda joined NGK India as Head- Sales & Marketing in April 2018. He played a vital role in growth of NGK India during his tenure. Products like glow plugs and ignition coils were added during his tenure. NGK India will always remain grateful to Mr. Masuda for his valuable contribution in expanding NGK India basket.
His tenure with NGK India ended in March 2021 and he went to rejoin NGK Japan.

# SMART COLLABORATIONS: OEM ACHIEVEMENTS

## Renault - Nissan collaborates with NTK for Kiger cars



**NTK Oxygen Sensor (OZA3001-RN001)** has been selected for the fitment in **Renault-Nissan Kiger 1 L** engine car model launched in February 2021.

## Hero Motocorp ties up with NGK & NTK for XPulse200T bike



**NGK Spark Plug (CPR8EA-9)** and **NTK Oxygen Sensor (ZSD2201-SD001)** has been selected for the fitment in **XPulse200T 200cc** engine model launched in March 2021.

## Maruti Suzuki India Ltd. partners NGK for Swift cars

**NGK Spark Plug (ILZKR6F-11)** have been selected for the fitment in **All New Swift K12N** engine car model launched in February 2021.



## Royal Enfield join hands with NTK for its various bike models

**NTK Oxygen Sensor (AZD5001-JD001)** has been selected for the fitment in the following bike models.



**Meteor 350cc** engine bike model launched in January 2021.

**Himalayan Mirage Silver 411cc** engine bike model launched in February 2021.






**Interceptor 650 Canyon Red 648cc** engine bike model (only for export) launched in March 2021.

## Honda Motorcycles & Scooters India teams-up with NGK for CB350RS bike



**NGK Spark Plug (MR6K-9)** has been selected for the fitment in **CB350RS 350cc** engine model launched in February 2021.




**Q. Which new Precious metal spark plugs NGK has launched for Hyundai applications and what are their benefits?**

**A:** NGK has launched the following two part no's in aftermarket for Hyundai applications:

**IFR5G11 :** New Santro (Epsilon-1.1L) (model year from Nov'18)

**SILZKR7B11 :** Elantra (Beta 1.8L) (2012 to 2016 model) & Tucson (Theta 2.0L)

BS-6 READY

These plugs are "fine tip double precious metal" spark plugs, which results:

- Better Ignitability
- Better Fuel Combustion
- Better Acceleration
- Low fuel consumption
- More durability




**Q. What are the new range of CNG SPL spark plugs NGK has launched for CNG auto rickshaw?**

**A:** NGK has specially developed and launched the following two part no's in aftermarket for CNG Auto rickshaws:

**CNG SPL Threaded (चूड़ीवाला) :** Bajaj RE Compact 4S BS-3

**CNG SPL (Fixed Nut) (फिक्स नट वाला) :** Bajaj RE Compact 4S BS-4


SUITABLE FOR BOTH CNG & LPG FUELS




**CNG SPL**
**Threaded**
(चूड़ी वाला)




**CNG SPL**
**Fixed Nut**
(फिक्स नट)



facebook

# DIGITAL CAMPAIGNS




In the era of this pandemic caused by COVID-19, Digital Marketing has now become even more popular stream in India where every business is stepping into the new strategy to build a high competitive strength. It is not only cheaper to reach out to a very wide audience, but you can also target your product to very specific groups and users – by age, occupation, gender, location, interests, and many other categories. Like pre-COVID era, NGK India is continuously focusing on reaching out to its online audience through all possible social media platforms.




In the last quarter of FY20-21, NGK India promoted BS-6 ready range of products. The posts were targeted to motivate the customers to change to NGK BS-6 range of products. The creatives were also focused on all individual categories of products like spark plugs, glow plugs, ignition coils, and oxygen sensors. We also continued promoting Iridium plug sales through Amazon on various social media platforms to inspire online buyers to purchase via Amazon platform. Apart from Iridium spark plugs, we focused on G-Power spark plugs on various social media platforms. Few of the posts were also dedicated to special days Republic Day, Lohri, Makar Sankranti, Valentine's Day, Vasant Panchami, Holi, etc.

## THANK YOU

*For helping us reach 2,34,000 Likes on Facebook*


# SMALL MECHANIC MEETS FOR OXYGEN SENSORS


GURUGRAM


INDORE


AHMEDABAD


JAIPUR


CHENNAI


DELHI


KOLKATA


MUMBAI


BANGALORE


HYDERABAD





To create the new market & to generate awareness of NTK 2W Oxygen sensors through its product awareness and technical training, we have conducted 10 nos. small Mechanic Meets in Jan'21 & Feb'21 by inviting reputed 2W master mechanics in some major cities. Due to COVID-19 social gathering guidelines, we invited concerned Distributors through Google Hangout online meeting.

During the presentation, ATS team has explained on following major topics:

- OEM status of NTK 2W Oxygen sensor fitment.
- Features & benefits of NTK 2W Oxygen sensor through technical presentation & video.
- Why Oxygen sensor launched in BS-6 vehicles as per BS-6 norms. etc.

We just keep going

# MARKETING DYNAMIXES

## VAN CAMPAIGNS


Van Campaign conducted at Uttar Pradesh


Van Campaign conducted at Madhya Pradesh


Van Campaign conducted at Rajasthan


Van Campaign conducted at Tamil Nadu

## CORNER MEETS


Corner Meet conducted at Jagatsingpur, Odisha


Corner Meet conducted at Bhillai, Chattishgarh


Corner Meet conducted at R K Puram, Delhi


Corner Meet conducted at Turkyamjal, Andhra Pradesh

## NGK CSR ACITIVITY




Corporate Social Responsibility (CSR) is a concept whereby organizations consider the interests of society by taking responsibility for the impact of their activities on customers, employees, shareholders, communities and the environment in all aspects of their operations. This obligation is seen to extend beyond the statutory obligation to comply with legislation and sees organizations voluntarily taking further steps to improve the quality of life for employees and their families as well as for the local community and society at large.

As a part of NGK's Corporate Social Responsibility (CSR) activity NGK Spark Plugs (India) Pvt. Ltd. has gifted water coolers to Kasola Police Staion (Rewari) so that they get clean and cold water to drink.

## RETAIL SHOP BRANDING









## UMC BIRTHDAY CELEBRATIONS

The Ustaad Mechanic Birthday celebration program is an effort from our side to connect with them on the most important day of their lives. The program is appreciated by all the Ustaad Mechanics who express their love and appreciation for this initiative by NGK India.



## EDITOR'S NOTE

***"The most important thing is to try and inspire others so that they can be great in whatever they want to do."***

For any suggestions/feedback regarding the newsletter please feel free to contact the Editorial Team at: customercare@ngkntk.in

**NGK SPARK PLUGS (INDIA) PVT. LTD.**
502, 5th Floor, JMD Pacific Square, 32 Mile Stone,
Sector 15, NH-8, Gurugram, Haryana
Landline: 91-124-4113960-3962
Fax: 91-124-4113963
Website: www.ngkntk.in
Toll free no: 1800 532 0016 (8:30 am to 5:00 pm)
Follow us on: /NGKsparkplugsindia

सूचनापत्र

KIZUNA

THE RELATIONSHIP

NGK SPARK PLUGS | NTK TECHNICAL CERAMICS

NGK SPARK PLUGS (INDIA) PVT. LTD.

संख्या - Q-4/2020-21

## वरिष्ठ उपाध्यक्षक सेल्स एवं मार्केटिंग की कलम से



हम सभी एक बहुत ही अभूतपूर्व और चुनौतीपूर्ण परिस्थिति का सामना कर रहे हैं क्योंकि कोविड–19 ने हर किसी की जीवन शैली बदलकर रख दिया है। हमने लॉकडाउन देखा, अर्थव्यवस्थाओं एवं व्यापार में गिरावट देखा, नौकरियों में कटौती देखी, वर्चुअल कार्यालय तथा स्कूल देखे और सामाजिक दूरी बनाये रखने, मास्क पहनने तथा हाथों को नियमित रूप से सैनीटाइज करने जैसे नये नियम भी देखे।

सभी प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद हम अपने पिछले वर्ष के बिक्री लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहे। मैं अपने समर्पित कर्मचारियों, ग्राहकों और चैनल भागीदारों का आभारी हूं; क्योंकि यह आपके ईमानदार प्रयासों और कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हो पाया है।

नया वित्तीय वर्ष हमारे चैनल भागीदारों की जबरदस्त प्रतिक्रिया से एक आशाजनक संकेत के साथ शुरू हो चुका है और हम इस वर्ष अपने व्यापक उत्पादों का विस्तार करने तथा अपने सभी बिक्री लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं।

मेरा मानना है कि NGK इंडिया की टीम हमेशा एक कदम आगे रहती है और उन उत्पादों को पेश करने का प्रयास करती है जो भारतीय ग्राहकों की मौजूदा तथा भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करते हों। अपनी इसी खूबी के बल पर NGK इंडिया पहली ऐसी कंपनी बनी थी, जिसने भारतीय बाजार में "BS–6 रेडी" स्पार्क प्लग्स को पेश किया था, जो BS–6 ईंधन और नए दोपहिया ईंधन इंजेक्शन सिस्टम के साथ ही 2W ऑक्सीजन सेंसर के भी अनुकूल है। ग्लो प्लग्स और इग्निशन कॉइल्स के साथ, हमने आफ्टरमार्केट के लिए अपने उत्पादों की पेशकश को बढ़ाया है। NGK इंडिया अधिक बेहतर एवं अनुकूल उत्पाद बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है, ताकि हमारे पास उत्पादों की व्यापक तथा पर्याप्त रेंज उपलब्ध हो। एक कंपनी के तौर पर हमें विश्वास है कि हमारे नए और उन्नत उत्पाद पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद करेंगे और आपके व्यवसाय को लाभदायक बनाने में सहायक साबित होंगे।

अतः मैं कंपनी के विकास के लिए अपने मूल्यवान चैनल साझेदारों तथा कर्मचारियों के सहयोग की कामना करता हूं और हमारे शुभचिंतकों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

**आप सभी को बिक्री की बहुत बहुत शुभकामनाएँ !!**

धन्यवाद!

सुदीप्तो सान्याल

## इरासिमसे (सुस्वागतम)



श्री मामोरू मुसासा 13 मार्च 2021 को "प्रबंध निदेशक" के रूप में NGK स्पार्क प्लग्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े। वर्ष 1989 में NGK–जापान से जुड़ने के बाद श्री मुसासा ने विभिन्न विभागों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। NGK इंडिया परिवार श्री मुसासा का गर्मजोशी से स्वागत करता है और उनके साथ बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए काफी उत्सुक है।



श्री अकिहिको यामूची 30 मार्च 2021 को "वाइस प्रेसिडेंट–सेल्स एंड मार्केटिंग" के तौर पर NGK स्पार्क प्लग्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड में शामिल हुए। श्री यामूची वर्ष 1994 में NGK–जापान में शामिल हुए थे और तब से अब तक उन्होंने विभिन्न विभागों में अहम योगदान दिया है। NGK इंडिया परिवार श्री यामूची का गर्मजोशी से स्वागत करता है और उनके साथ काम करने के बेहतरीन अनुभव प्राप्त करने को तत्पर है।

## सायोनारा (विदाई)



श्री कीसुके माकिनो फरवरी 2018 में प्रबंध निदेशक के रूप में एनजीके इंडिया से जुड़े थे। श्री मकिनो ने अपने कार्यकाल के दौरान NGK इंडिया के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। श्री मकीनो के अनमोल योगदान के लिए NGK इंडिया हमेशा उनका आभारी रहेगा। NGK इंडिया के साथ उनका कार्यकाल मार्च 2021 में समाप्त हो गया है और वे एक बार फिर NGK जापान से जुड़ गये हैं।



श्री हिरोफुमी मसुदा अप्रैल 2018 में NGK इंडिया में हेड–सेल्स एंड मार्केटिंग के तौर पर शामिल हुए थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान NGK इंडिया के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके कार्यकाल में ही ग्लो प्लग्स और इग्निशन कॉइल्स जैसे उत्पाद पेश किये गये थे। NGK इंडिया के उत्पादों के विस्तार में बहुमूल्य योगदान के लिए NGK इंडिया हमेशा श्री मसुदा के प्रति आभारी रहेगी। NGK इंडिया के साथ उनका कार्यकाल मार्च 2021 में समाप्त हो गया है और वे NGK जापान में फिर से शामिल हो गए हैं।

# स्मार्ट सहयोग – ओईएम उपलब्धियां

## काइगर कार के लिए NTK के साथ रेनॉल्ट – निसान का सहयोग



फरवरी 2021 में बाजार में आये रेनॉल्ट – निसान काइगर 1 L इंजन कार मॉडल में लगाने के लिए **NTK Oxygen Sensor (OZA3001-RN001)** का चयन किया गया है।

## हीरो मोटोकॉर्प का XPulse200T बाइक के लिए NGK एवं NTK से सहयोग



मार्च 2021 में बाजार में आये **XPulse200T 200cc** इंजन मॉडल के लिए **NGK Spark Plug (CPR8EA-9)** और **NTK Oxygen Sensor (ZSD2201-SD001)** को चुना गया है।

## स्विफ्ट कार के लिए मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमि. की NGK से साझेदारी



फरवरी 2021 में पेश किये गये **ऑल न्यू स्विफ्ट K12N** इंजन कार मॉडल के लिए **NGK Spark Plug (ILZKR6F-11)** को चुना गया है।

## रॉयल इनफिल्ड ने अपने विभिन्न बाइक माडल्स के लिए NTK से मिलाया हाथ

निम्नलिखित बाइक मॉडल्स में लगाने के लिए **NTK Oxygen Sensor (AZD5001-JD001)** का चयन किया गया है:



जनवरी 2021 में बाजार में आये **Meteor 350cc** इंजन बाइक मॉडल



फरवरी 2021 में पेश किये गये **Himalayan Mirage Silver 411cc** इंजन बाइक मॉडल



मार्च 2021 में बाजार में आये **Interceptor 650 Canyon Red 648cc** इंजन बाइक मॉडल (केवल निर्यात के लिए)

## होंडा मोटरसाइकिल एवं स्कूटर्स इंडिया का CB350RS बाइक के लिए NGK से गठजोड़



फरवरी 2021 में बाजार में आये **CB350RS 350cc** इंजन मॉडल में लगाने के लिए **NGK Spark Plug (MR6K-9)** का चयन किया गया है।




**प्रश्न: हुंडई एप्लीकेशन्स के लिए NGK ने कौन सी नई प्रिसियस मेटल स्पार्क प्लग लॉन्च की है और उनके फायदे क्या हैं?**

उत्तर: NGK ने हुंडई एप्लिकेशन के लिए बाजार में निम्नलिखित दो पार्ट नं. लॉन्च किए हैं:

**IFR5G11** : New Santro (Epsilon-1.1L) (मॉडल वर्ष नवम्बर 2018 से)

**SILZKR7B11** : Elantra (Beta 1.8L) (2012 से 2016 मॉडल) और Tucson (Theta 2.0L)

ये प्लग्स "फाइन टिप डबल प्रिसियस मेटल" स्पार्क प्लग हैं, जिसके परिणाम हैं:

- बेहतर इग्निटबिलिटी
- बेहतर ईंधन कम्बस्चन
- बेहतर एक्सीलरेशन
- ईंधन की कम खपत
- अधिक ड्युराबिलिटी

BS-6 READY




**प्रश्न: सीएनजी ऑटो रिक्शा के लिए NGK ने CNG SPL स्पार्क प्लग का कौन सा नया रेंज लॉन्च किया है?**

उत्तर: NGK ने सीएनजी ऑटो रिक्शा के लिए बाजार में निम्नलिखित दो पार्ट नं. को विकसित और पेश किया है:

**CNG SPL थ्रेडेड (चूड़ीवाला):** Bajaj RE कॉम्पैक्ट 4S BS-3

**CNG SPL (फिक्स नट वाला):** Bajaj RE कॉम्पैक्ट 4S BS-4


SUITABLE FOR BOTH CNG & LPG FUELS




**CNG SPL**
**Threaded**
**(चूड़ी वाला)**




**CNG SPL**
**Fixed Nut**
**(फिक्स नट)**



# डिजिटल अभियान




कोविड–19 के कारण पैदा हुए इस महामारी के दौर में, डिजिटल मार्केटिंग अब भारत में और भी लोकप्रिय मंच बन गया है जहाँ हर व्यवसाय एक बेहतर प्रतिस्पर्धी ताकत बनने के लिए नई रणनीति को अपना रहा है। यह न केवल अनगिनत दर्शकों तक पहुंचने का सबसे सस्ता तरीका है, बल्कि आप उम्र, व्यवसाय, लिंग, स्थान, रुचियों और कई अन्य चीजों को ध्यान में रखते हुए लक्षित समूहों तथा उपयोगकर्ताओं के लिए अपने उत्पाद को तैयार भी कर सकते हैं। कोविड–पूर्व युग की तरह, NGK इंडिया लगातार सभी संभव सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से अपने ऑनलाइन दर्शकों तक पहुंचने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।




वित्त वर्ष 2020–21 की अंतिम तिमाही में, NGK इंडिया ने BS-6 रेडी उत्पादों के रेंज का प्रचार किया था। ऑनलाइन जारी विभिन्न पोस्टों के माध्यम से उत्पादों के NGK BS-6 रेंज में बदलने के लिए ग्राहकों को प्रेरित किया गया था। पोस्ट में उत्पादों की सभी श्रेणियों जैसे कि स्पार्क प्लग, ग्लो प्लग, इग्निशन कॉइल्स और ऑक्सीजन सेंसर पर भी केंद्रित किया गया था। हमने ऑनलाइन खरीदारी करने वाले व्यक्तियों को अमेज़ॉन प्लेटफॉर्म के माध्यम से खरीदने के लिए प्रेरित करने हेतु विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अमेज़ॉन के द्वारा इरिडियम प्लग की बिक्री को बढ़ावा देना जारी रखा है। इरिडियम स्पार्क प्लग के अलावा, हमने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर जी–पावर स्पार्क प्लग पर ध्यान केंद्रित किया था। कुछ पोस्ट खास दिनों जैसे कि गणतंत्र दिवस, लोहड़ी, मकर संक्रांति, वेलेंटाइन डे, वसंत पंचमी, होली आदि पर भी जारी किये गये थे।

## *THANK YOU*

*For helping us reach 2,34,000*
*Likes on Facebook*

# ऑक्सिजन सेंसर्स के लिए छोटी मेकैनिक बैठक


गुरुग्राम


इन्दौर


अहमदाबाद


जयपुर


चेन्नइ


दिल्ली


कोलकाता


मुम्बई


बेंगलूरु


हैदराबाद





नये बाजार तैयार करने और अपने उत्पाद जागरूकता और तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से NTK 2W ऑक्सीजन सेंसर के प्रति जागरूक करने के लिए हमने जनवरी, 21 और फरवरी, 21 में कुछ प्रमुख शहरों में प्रतिष्ठित 2W मास्टर मैकेनिकों को आमंत्रित कर छोटे स्तर पर 10 मैकेनिक सम्मेलन आयोजित किये थे। कोविड–19 की वजह से सामाजिक समारोह के आयोजन से जुड़े दिशानिर्देशों के कारण, हमने संबंधित वितरकों को गूगल हैंगआउट ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से आमंत्रित किया था।

प्रस्तुति के दौरान एटीएस टीम द्वारा निम्नलिखित प्रमुख विषयों पर विस्तार से बताया गया:

- NTK 2W ऑक्सीजन सेंसर फिटमेंट की ओईएम स्थिति।
- तकनीकी प्रस्तुति और वीडियो के माध्यम से NTK 2W ऑक्सीजन सेंसर की विशेषताएं और फायदे।
- BS-6 मानकों के अनुसार BS-6 वाहनों में ऑक्सीजन सेंसर क्यों लॉन्च किया गया, आदि।

इसके अलावा, एटीएस ने इस उत्पाद के बारे में शंकाओं का समाधान करने के लिए आमंत्रित प्रतिष्ठित मास्टर मैकेनिक्स के साथ एक–एक कर विस्तृत बातचीत भी की।

कोविड–19 के प्रति सावधानी बनाए रखने के लिए, हमने पूरे कार्यक्रम के दौरान हर कदम पर गृह मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों और मानक संचालन प्रक्रिया का पूरी तरह से पालन किया है।

हम निरन्तर आगे बढ़ते हुए

# मार्केटिंग डाईनामिक्स

## वैन कैम्पेन



उत्तर प्रदेश में
आयोजित वैन कैम्पेन



मध्य प्रदेश में
आयोजित वैन कैम्पेन




राजस्थान में
आयोजित वैन कैम्पेन



तमिलनाडु में
आयोजित वैन कैम्पेन

## कॉर्नर सम्मेलन



जगतसिंहपुर, ओडिशा में
आयोजित कॉर्नर सम्मेलन



भिलाई, छत्तीसगढ़ में
आयोजित कॉर्नर सम्मेलन



आर के पुरम, दिल्ली में
आयोजित कॉर्नर सम्मेलन



तुर्कियमजल, आंध्र प्रदेश में
आयोजित कॉर्नर सम्मेलन

# NGK सिएसआर गतिविधि




कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) एक अवधारणा है जिसके तहत संगठन अपने कार्यों के सभी पहलुओं में ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरधारकों, समुदायों और पर्यावरण पर उनकी गतिविधियों के प्रभाव की जिम्मेदारी लेते हुए समाज के हितों पर विचार करते हैं। यह दायित्व कानून के अनुपालन के लिए वैधानिक दायित्व से परे है और संगठनों को स्वेच्छा से कर्मचारियों तथा उनके परिवारों के साथ–साथ बड़े पैमाने पर स्थानीय समुदाय और समाज के लिए जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में कदम उठाते हुए देखा जाता है।

NGK के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) गतिविधि के तौर पर NGK स्पार्क प्लग्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने कसोला पुलिस स्टेशन (रेवाड़ी) में वाटर कूलर लगवाया है, ताकि वहां कार्यरत व्यक्तियों को पीने के लिए साफ और ठंडा पानी मिल सके।

# रिटेल शॉप ब्रैंडिंग




# यूएमसी जन्मदिवस समारोह

उस्ताद मैकेनिक जन्मदिन समारोह कार्यक्रम, मैकेनिक के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दिन में उनके साथ जुड़ने का एक प्रयास है। सभी उस्ताद मैकेनिकों द्वारा इस कार्यक्रम की सराहना की जाती है जो NGK इंडिया द्वारा आयोजित किये जा रहे इस पहल के प्रति अपना प्यार और भरोसा व्यक्त करते हैं।



## संपादक की टिप्पणी

*"सबसे महत्वपूर्ण बात दूसरों को समझना और प्रेरित करना है, ताकि वे जो कुछ भी करना चाहते हैं उसे बेहतर तरीके से कर सकें।"*

न्यूज़लेटर के संबंध में किसी भी सुझाव/प्रतिक्रिया के लिए कृपया संपादकीय टीम से निःसंकोच संपर्क करें: customercare@ngkntk.in

NGK SPARK PLUGS NTK TECHNICAL CERAMICS
NGK SPARK PLUGS (INDIA) PVT. LTD.

**NGK SPARK PLUGS (INDIA) PVT. LTD.**
502, 5th Floor, JMD Pacific Square, 32 Mile Stone,
Sector 15, NH-8, Gurugram, Haryana
Landline: 91-124-4113960-3962
Fax: 91-124-4113963
Website: www.ngkntk.in
Toll free no: 1800 532 0016 (8:30 am to 5:00 pm)
Follow us on: /NGKsparkplugsindia